Regarding construction of an overbridge on Hapur-Khurja Railway Line in Hapur City, Uttar Pradesh-laid

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हापुड़ शहर में स्वर्ग आश्रम रोड से दोयमी-धनौरा-खड़खड़ी इत्यादि होते हुए 20-25 गाँवों को जोड़ने वाला एक मुख्य मार्ग है । इस मार्ग को दो रेलमार्ग क्रॉस करते हैं ? दोयमी के निकट दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग तथा दोयमी से हापुड़ शहर की ओर इस रेलमार्ग के निकट ही हापुड़-खुर्जा रेलमार्ग है । दिल्ली-लखनऊ रेलमार्ग पर वर्ष 2008-09 मे फ्लाइओवर का निर्माण हो गया था परंतु हापुड़-खुर्जा रेलखंड पर मानव चालित रेल फाटक विधमान है । इन रेल मार्गों के बीच की दूरी इतनी कम है कि उपरोक्त फ्लाइओवर को बनाते समय उसे इन दोनों रेलमार्गों के ऊपर से बनाना चाहिए था परंतु वैसा नहीं हुआ तथा उसके परिणामस्वरूप इन 20-25 गाँवों से आने-जाने वाले नागरिक इस रेलवे फाटक के बंद होने पर लगने वाले लंबे जाम मे फंस जाते हैं । स्कूल जाने वाले बच्चों तथा मरीजों को इस कारण विशेष रूप से अत्यधिक कठिनाई होती है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि हापुड़-खुर्जा रेलखंड पर पड़ने वाले इस रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनवाए जाने की कृपा करें ।